कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा।

आदेश सं०- 153 दि०: सितम्बर 10 , 2024

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा जनपद न्यायालय के कार्य दिवस/अवकाश के सम्बंध में जारी कलेण्डर, 2024 के अनुसार जनपद न्यायाधीश 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि कलेण्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय या अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है, तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते हैं।

पूर्व में 05 स्थानीय अवकाश तथा रविवार के दिन पड़ने वाले अवकाश के एवज में दो अवकाश घोषित किये जा चुके हैं।

प्रभारी अधिकारी, प्रशासन द्वारा यह आख्या दी गयी है कि दि०-24.03.2024 (रविवार) होली अवकाश एवं दि०-13.10.2024 (रविवार) दशहरा अवकाश के एवज में पूर्व में दि० -08.11.2024(छठ पर्व) एवं दि०-15.11.2024 (कार्तिक पूर्णिमा) को अवकाश घोषित किया गया था। उक्त अवकाश घोषित करते समय कार्यालय द्वारा गणना करने में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 02 दिवस के अवकाश को नहीं जोड़ा गया था। इस प्रकार वर्ष 2024 में जनपद न्यायालय, इटावा में कुल अवकाशों की संख्या 102 हो गयी है तथा कार्यदिवसों की संख्या 264 हो गयी है, जब कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एक वर्ष में 265 दिन से कम कार्यदिवस नहीं रहेंगे।

अतः पूर्व में घोषित दि० -15.11.2024 (कार्तिक पूर्णिमा) के अवकाश को निरस्त किया जाता है। इस दिवस पर जजशिप, इटावा के समस्त न्यायालय एवं कार्यालय तथा ग्राम न्यायालय सैफई एवं चकरनगर सामान्य दिवसों की भांति खुलेंगे एवं कार्य करेंगे।

सर्वसम्बंधित सूचित हों। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को इस सम्बंध में सूचना प्रेषित की जाये।

10/9/24

(चवन प्रकाश)
जनपद न्यायाधीश,
इटावा।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इटावा।
2. पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, इटावा।
3. जिलाधिकारी, इटावा।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा।
5. अधीक्षक, जिला कारागार, इटावा
6. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को दैनिक समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार संघ, इटावा।
8. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार संघ, इटावा।
9. जिला शासकीय अधिवक्ता (दण्ड)
10. जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल)
11. केन्द्रीय नाजिर, जजी इटावा।
12. सिस्टम आफीसर को जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
13. समस्त न्यायालय एवं कार्यालय।

10.9.2021

प्रशासनिक अधिकारी
जजशिप इटावा